कार्यालय वनमंडलाधिकारी, बलरामपुर वनमंडल बलरामपुर (छ0ग0)
दूरभाषः– 07831–273091,273092 (Office) , 273093 (Fax) ई–मेल dfobalrampur@gmail.com

क्रमाँक/मा.चि./2016/ 2423 बलरामपुर दिनाँक/ 12/05/2016

प्रति,

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग क्रमाँक –2
रामानुजगंज, जिला – बलरामपुर (छ0ग0)

विषय :– वनसंरक्षण अधिनियम 1980 के अंतर्गत खुटपाली व्यपवर्तन योजना प्रभावित वन भूमि 21.293 हे. वन भूमि के गैर वानिकी उपयोग हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने बावत्। (FP/CG/IRRIG/13417/2015)

संदर्भ :– अपर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (भू–प्रबंध/व.स.अ.) का पत्र क्रमाँक/भू–प्रबंध/सिंचाई/एल. एम–425–56/985 रायपुर, दिनाँक 26.04.2016

–00–

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के निर्देशानुसार वनसंरक्षण अधिनियम 1980 के अंतर्गत नवीन चेक लिस्ट दिशा निर्देश के अनुरुप आपके द्वारा खुटपाली व्यपवर्तन (नहर) निर्माण हेतु 06 प्रतियों में मय डी.जी.पी.एस. रिपोर्ट सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है।

आपके द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव में निम्नानुसार त्रृटियाँ से पायी गई हैं, विवरण निम्नानुसार है:–

1. खुटपाली व्यपवर्तन योजना हेतु प्रशासकीय स्वीकृति संबंधी पत्र संलग्न नही है।
2. प्रेषित प्रस्ताव में Vegitaion Map (1:50000) & Survey Of India की मूल प्रति नक्शा संलग्न नही है।
3. प्रेषित प्रस्ताव में पर्यावरण स्वीकृति प्रस्ताव संलग्न नही है।
4. गैर वन क्षेत्र के आस–पास का नक्शा संलग्न नही है।
5. कलेक्टर/सचिव छ0ग0 शासन का गैर वन भूमि अनुपलब्धता प्रमाण पत्र संलग्न नही है।
6. वन अधिकार मान्यता पत्रक से संबंधित ग्राम–सभा ठहराव संबंधी कलेक्टर का प्रमाण पत्र संलग्न नही है।
7. प्रकरण में प्रस्तावित स्थल के ग्रामों का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है।

अतः प्रकरण मूलतः आपकी ओर संलग्न प्रेषित है। वनसंरक्षण अधिनियम 1980 के नवीन चेक लिस्ट अनुसार समस्त औपचारिकताओं की पूर्ति कर अनिवार्य रुप से वनमण्डल कार्यालय में प्रस्तुत करें।

संलग्न :– 06 प्रतियों में प्रस्ताव मूलतः (उपरोक्तानुसार)

वनमण्डलाधिकारी,
बलरामपुर वनमण्डल बलरामपुर

O/C

पृ.क्रमाँक/मा.चि./2016/ 2424 बलरामपुर दिनाँक/ 12/05/2016

प्रतिलिपि :– 1. अपर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (भू–प्रबंध) व.स.अ. 1980 छ0ग0 रायपुर को सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. मुख्य वनसंरक्षक सरगुजा वनवृत्त अम्बिकापुर को सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. उपवनमण्डलाधिकारी बलरामपुर/ परिक्षेत्राधिकारी बलरामपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

वनमण्डलाधिकारी,
बलरामपुर वनमण्डल बलरामपुर

D/2015-16 uday /Memo Fca 1980